## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

**बीज मंत्र...ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।**

# 200 मीटर दौड़ में मुजाहिद ने मारी बाजी

## गोला फेंक में आकाश प्रथम, पश्चिमी जोन खेल कूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार** : राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज के मैदान में चल रही माध्यमिक विद्यालयों की तहसील स्तरीय पश्चिमी जोन खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को सीनियर बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में केएसजी इंटर कॉलेज के छात्र मुजाहिद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

हेमर थ्रो में राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज के छात्र उपदेश ने, गोला फेंक में आकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर बालिका वर्ग में जैवलिन थ्रो में पूजा ने, 200 मीटर दौड़ में ब्रह्म देवी बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा शीतल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर दौड़ में शिद्धांत सिंह, हेमर थ्रो में अरमान प्रथम स्थान पर रहे। जूनियर बालिका वर्ग में नाजिया ने 200 मीटर दौड़ व भाला फेंक मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर दौड़ में रिंकी, सब जूनियर बालक वर्ग के ऊंची कूद में मो.अनस ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि सब जूनियर बालिका वर्ग में कैफी प्रथम स्थान पर रहीं। विनोद कुमार, श्रीकृष्ण यादव, स्नेह कुमार कुशवाहा, मनोज कुमार वर्मा, बालेश्वर गौतम, हिमांशु प्रसाद, हेमन्त कुमार, धर्मेंद्र, रामदास मिश्रा, अमित कुमार तिवारी, राम अवतार, सलिल वर्मा, नितेश कुमार, किरन आदि का सहयोग रहा।



राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।



श्यामसुंदर कन्या इंटर कॉलेज में विजयी प्रतिभागी, साथ में शिक्षिकाएं व कर्मी।

### क्षेत्रीय विद्यालय बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

**फरीदपुर, अमृत विचार** : कस्बे के श्यामसुन्दर कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को क्षेत्रीय विद्यालय बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने किया। प्रधानाचार्या डॉ. दीपाकाला ने अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि और प्रधानाचार्या ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिताओं की शुरुआत कराई। पहले दिन लंबीकूद, गोला फेंक और चक्का फेंक प्रतियोगिताओं में नौ विद्यालयों की लगभग 100 छात्राओं ने हिस्सा लिया। श्याम सुन्दर कन्या इंटर कॉलेज की वर्षा, नंदनी और सलोनी ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्रापत किया। काजल यादव, सना, चहक और प्रज्ञा ने विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। क्रीड़ा प्रभारी रीता रानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन शबनम बानो ने किया।

# भरतौल प्रधान से मुख्यमंत्री ने की बात, विकास को लेकर पूछे सुझाव



भरतौल की प्रधान प्रवेश कुमारी से वर्चुअल संवाद करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार** : राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल कर चुकी बिथरी ब्लॉक की मॉडल ग्राम पंचायत भरतौल में और अधिक विकास को लेकर गांव की प्रधान से मुख्यमंत्री ने वर्चुअल बातचीत कर सुझाव पूछे।

शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने भरतौल प्रधान प्रवेश कुमारी से वर्चुअल संवाद कर समूह से जुड़ी महिलाओं के कार्यों की जानकारी ली। प्रधान ने बताया कि वह गांव में गेस्ट हाउस का निर्माण करवा रही हैं। प्रधान ने बताया कि उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई के लिए क्लास में स्मार्ट टीवी लगवाए हैं। इसपर मुख्यमंत्री ने उनके कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हमारा प्रदेश, हमारा देश' विकसित हो, इसके लिए ग्राम प्रधानों ने सुझाव मांगे जा रहे हैं। कहा कि ग्राम पंचायत के नागरिकों, समहू की महिलाओं, पंचायत से जुड़े कर्मचारियों से बातचीत कर प्रदेश को विकसित करने के लिए सुझाव दे सकते हैं। मुख्यमंत्री ने अन्नपूर्णा दुकान के बारे में भी जानकारी ली। खंड विकास अधिकारी कौशल कुमार गुप्ता, प्रभारी जिला पंचायत राज अधिकारी शशांक सक्सेना, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बिथरी चैनपुर शिखर गुप्ता, डीपीएम अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिकायत पर तहसील पहुंचे विधायक, लगाई फटकार

**नवाबगंज, अमृत विचार** : दाखिल खारिज के मामले में रिश्वतखोरी की शिकायत पर शुक्रवार को विधायक डॉ. एमपी आर्य अचानक तहसील पहुंचे। उन्होंने एक अफसर को फटकार लगाई। विधायक ने कहा कि आमजन के कार्य पारदर्शिता और ईमानदारी से करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पक्ष जानने के लिए संबंधित अफसर से संपर्क किया मगर बात नहीं हो सकी।

### रेलवे में नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी

**देवरनियां, अमृत विचार** : कठर्रा गांव निवासी मोहनलाल ने गांव गुना हट्टू निवासी सुनील कुमार पर ठगी करने का आरोप लगाया है। मोहनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुनील ने बेटे की नौकरी रेलवे में लगवाने के नाम पर 11,70,400 रुपये ठग लिए। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने सुनील कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### देव स्थान पर मूर्ति स्थापित, लगाए कैमरे

**आंवला, अमृत विचार** : कस्बे के मोहल्ला बजरिया कृष्णा कोल्डस्टोरेज के समीप गली में प्राचीन देवस्थान (मठिया) पर गुरुवार की शाम दुर्गा देवी की मूर्ति खंडित करने के मामले में प्रशासन ने नई मूर्ति स्थापित कराकर प्राण प्रतिष्ठा कराई। शुक्रवार को देवस्थान पर सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगवाए।

बीते सोमवार को मठिया पर दुर्गा देवी की मूर्ति की स्थापना कराई गई थी। गुरुवार को किसी ने मूर्ति तोड़कर खंडित कर दी। सूचना पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारी, भाजपाई और स्थानीय लोग पहुंच गए। लोगों ने आक्रोश जताया। एसडीएम विदुषी सिंह, सीओ नितिन कुमार, इंस्पेक्टर कुंवरबहादुर सिंह ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया।

# शोहदे ने छात्रा को उठा ले जाने की दी धमकी

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार** : शोहदे ने छात्रा का पीछा किया। बात करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर शोहदे ने छात्रा को उठा ले जाने की धमकी दी। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

कोतवाली क्षेत्र की छात्रा एक कॉलेज में पढ़ती है। थाना फतेहगंज पूर्वी के एक गांव निवासी युवक आए दिन उसका पीछा करता है। फोन नंबर मांगकर बात करने का दबाव बनाता है। पीड़िता के अनुसार शुक्रवार को वह कॉलेज जा रही थी। ऑटो से उतरने के बाद आरोपी युवक ने साथियों के साथ उसका पीछा किया। स्कूल बैग छीनकर उसमें रखे चार हजार रुपये निकाल लिए। कुछ दूर जाकर आरोपी ने बैग फेंक दिया। पीड़िता ने कोतवाली में पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### छेड़छाड़ के विरोध पर पीटा, रिपोर्ट

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** छेड़छाड़ का विरोध करने पर पीड़िता के भाई को पीटने के मामले में पुलिस ने एक नामजद और दस अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गुरुवार शाम दूसरे समुदाय के युवक ने कोचिंग जाते समय छात्रा का पीछा किया था। आरोपी ने छात्रा के भाई को पीटा था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### स्टेशन रोड पर जनसुविधा केंद्र पर छापा, मचा हड़कंप

**नवाबगंज, अमृत विचार** : तीन दिन पहले तहसील गेट के बाहर जनसुविधा केंद्र से फर्जी आय, जाति और जन्म प्रमाणपत्र जारी होने का मामला सामने आया था। इसके बाद तहसील प्रशासन ने गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित एक जनसुविधा केंद्र पर छापा मारा। करीब एक घंटे तक जांच चली। इस कार्रवाई से जन सुविधा केंद्र संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि उनकी ड्यूटी महानगर में लगी है। वहां से लौटने के बाद ही मामले की जानकारी लेंगे। दरअसल तीन दिन पूर्व तहसील प्रशासन ने तहसील गेट के सामने एक जनसुविधा केंद्र पर छापामारी की थी। गड़बड़ी मिलने पर केंद्र संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# ससुराल की चौखट पर 'खुशी', मगर दरवाजे बंद

**फरीदपुर, अमृत विचार** : बच्ची के साथ एक महिला ससुराल पहुंची। आरोप है कि ससुरालियों ने महिला को घर में घुसने नहीं दिया। गेट बंद कर लिया। पूरे दिन महिला बच्ची के साथ गेट के बाहर बैठी रही।

स्टेशन रोड निवासी खुशी सिंह की शादी 14 फरवरी 2024 को मोहल्ला बक्सरिया निवासी आदित्य प्रताप सिंह से हुई थी। शुक्रवार को वह दो माह के दुधमुंही बच्ची के साथ ससुराल पहुंचीं। आरोप है कि उन्हें देखकर ससुराल वालों ने दरवाजा बंद कर लिया। वह सुबह 11 से शाम 6 बजे तक दरवाजे पर बैठी रहीं, लेकिन ससुराल में दरवाजा नहीं खोला। इसपर उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा नहीं खोला गया। खुशी ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी। खुशी और उनके ससुरालियों के बीच विवाद चल रहा है। मामला परामर्श केंद्र में पहुंच चुका है। खुशी ने ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है।



गेट के बाहर बच्ची के साथ खुशी।

### 100 रुपये के लिए दो पक्षों में मारपीट कई लोग घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव गरगईया में गुरुवार रात 100 रुपये की उधारी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

ग्रामीणों के अनुसार विवाद की शुरुआत तब हुई, जब एक युवक ने उधार दिये 100 रुपये वापस मांगे। बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आए गए। गांव के मुख्य चौराहे पर उनके बीच मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। हालांकि, पंचायत के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच सुलह करा दी गई है।


दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
डॉ० एम.बी. गौतम
बी.डी.एस.
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
उपलब्ध सुविधायें
- शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
- दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler)
- हिलते हुए दांतों को जाम करना।
- दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT)
- मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
- दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
- सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling)
- टेढ़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces)
- डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/ Bridges)
- मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
- गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज।
- एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा

सम्पर्क करें:-
9997317000, 0581-4508701
स्थान परिवर्तन
प्रभा टाकीज के सामने वाली रोड, महाजन स्क्वायर 35/के रामपुर गार्डन, जीवन ज्योति अस्पताल के बराबर में, बरेली


### बुआ के घर आए युवक की मौत

**आंवला, अमृत विचार** : बुआ के घर आए युवक का शव संदिग्ध अवस्था में एक झोपड़ी में पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भीमपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि गांव के दानसिंह के खेत में बनी झोपड़ी में डनलप के नीचे शुक्रवार सुबह बिशारतगंज के गांव नूरपुर बुजुर्ग निवासी वीरपाल (40) का शव पड़ा था।

# चुनावी रंजिश में प्रधान का घर घेरा, परिजनों को पीटा

**कैंट, अमृत विचार** : चुनावी रंजिश के चलते गांव पालपुर कमालपुर में दर्जनभर लोगों ने प्रधान और उनके भाई के घर का घेराव किया। आरोपियों ने प्रधान के परिजनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव पालपुर कमालपुर निवासी राम प्रकाश के बड़े भाई तोताराम ग्राम प्रधान हैं। जिसकी वजह से गांव के छविराम, हुरेश वर्मा, पूरनलाल आदि का परिवार उनसे चुनावी रंजिश मानता है। राम प्रकाश ने बताया कि गुरुवार रात उनका बेटा अमित गांव में रामलीला देखने जा रहा था। आरोप है कि छविराम ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी छविराम एक दर्जन से अधिक लोगों के साथ प्रधान व उनके भाई के घर का घेराव किया। उनके परिजनों को पीटा।

### कलह में महिला ने फंदे से लटककर दी जान

**भुता, अमृत विचार** : घरेलू कलह के चलते एक महिला ने फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गांव अंगदपुर खमरिया निवासी मुकुट बिहारी व उनकी पत्नी कलावती के बीच अनबन रहती थी। शुक्रवार शाम कलावती ने कमरे के कुंडे में रस्सी का फंदा डालकर गले में कस लिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच की।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

**बरेली, अमृत विचार** : थाना सीबीगंज क्षेत्र के बंडीया गांव निवासी रियाज अहमद ने बताया कि उन्होंने बहन इरम की शादी तीन साल पहले देवरनियां थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव के रहने वाले इमरान के साथ की थी।

आरोप है कि ससुराली दहेज को लेकर बहन को प्रताड़ित करते थे। इसी बीच इरम को इमरान इंदौर ले गया। वहां मारपीट कर बरेली लेकर आया। गुरुवार को पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ। इरम ने घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के भाई रियाज का आरोप है बहन को इमरान ने मार कर आत्महत्या का रूप दिया है। इसकी जानकारी होने पर वह मौके पर पहुंचे तो बहन का शव जमीन पर पड़ा था। परिवार के लोग फरार थे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
8077344353
समय :- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


## न्यूज डायरी



### एक दिन को छात्रा बनी प्रिंसिपल

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : मिशन शक्ति के तहत राजकीय हाईस्कूल अलीनगर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा नौ की छात्रा पायल को एक दिन के लिए प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रधानाचार्य मनोज दिवाकर ने सभी बालिकाओं को विद्यालय संचालन एवं प्रबंधन से संबंधित जानकारी दी। बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, आत्म विश्वास तथा स्वावलंबी बनने के संबंध में जानकारी दी। संचालन अनामिका वर्मा ने किया। अमन अन्सारी, जितेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।



### दशरथ ने त्यागे प्राण

**नवाबगंज, अमृत विचार** : कस्बे में चल रही रामलीला में शुक्रवार को दशरथ मरण लीला का मंचन हुआ। मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि भगवान श्रीराम वन को जाते हैं। पुत्र के वियोग में राजा दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं। भरत व शत्रुघन ननिहाल से अयोध्या आते हैं। श्री राम के वनवास व पिता के मरण का कारण मानते हुए भरत माता कैकई की घोर निंदा करते हैं। मेलाध्यक्ष रविंद्र पाल ने बताया कि शनिवार को सीता हरण का मंचन होगा।



### स्वदेशी उत्पादों की खरीद पर जोर

**रिठौरा, अमृत विचार** : सांसद छत्रपाल गंगवार ने शुक्रवार को कस्बे में दुकानदारों व ग्राहकों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि जीएसटी के स्लैब में हुए बदलाव से व्यापारी और ग्राहक दोनों को फायदा हो रहा है। कहा कि देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए दुकानों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदना चाहिए। अनिल कुमार गुप्ता, शिवा गुप्ता, चेयरमैन शकुंतला देवी, अमित कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### केवट संवाद का मंचन

**कैंट, अमृत विचार** : श्री रामलीला नाटक समाज (रजि) की ओर से कैंट के सदर बाजार में चल रही रामलीला में शनिवार को केवट संवाद, दशरथ मरण का मंचन किया गया। कलाकारों में मुख्य निदेशक सुनील कुमार सिंह ने केवट, सुमित ने श्रीराम, सचिन ने लक्ष्मण, रचित ने भरत, वसुंधरा ने सीता की भूमिका निभाई। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रवेश कुमार पाराशर ने आभार व्यक्त किया।

### पांच दिन से छाया बिजली संकट, लोग परेशान

**भुता, अमृत विचार** : ग्राम डभौरा में 5 दिन से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। शिकायत के बाद भी खराब ट्रांसफार्मर को अभी तक नहीं बदला गया है। बिजली संकट के चलते ग्रामीणों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र भेजकर शीघ्र ट्रांसफार्मर बदलवाए जाने की मांग की है। इस संबंध में गांव के राजवीर, महावीर, रोहित कुमार, कवेनदर ,हरीश कुमार हरिओम ,वीरेश, दोदराम, राजकुमार, महेंद्र कुमार आदि ने अधिशासी अभियंता बरेली को शिकायती पत्र भेजा है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मेरे अभिलेखों में मेरा नाम SYED MUJABA YAWAR ALIAS ANJUM गलत दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम SYED MUJTABA YAWAR ALIAS ANJUM पुत्र यावर हुसैन नि. मीरा की पैठ, पुराना शहर, बरेली है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा अभियान शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ सुरक्षित कार्यस्थल-सशक्त नारी अभियान और सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और यौन उत्पीड़न से संरक्षण संबंधी कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के प्रति प्रतिभागियों और आमजन को जागरूक करना था। अभियान के पहले दिन विभिन्न आयोजनों में प्रदेश की लगभग 50 हजार महिलाओं ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री योगी की महिला सशक्तिकरण मुहिम में कॉलेज छात्राएं, अधिवक्ता, श्रमिक संगठन और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि शामिल रहे।

### महाकुंभ की टीम को एक्सीलेंस अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रयागराज महाकुंभ का फायर एंड सेफ्टी मॉडल देशभर के अन्य राज्यों में बड़े आयोजनों के लिए एक रोल मॉडल बनता जा रहा है। अपने कौशल, रणनीति और क्विक रेस्पॉन्स से प्रयागराज महाकुंभ को आग की बड़ी दुर्घटनाओं और जन हानि से बचाने वाली इस टीम को महाराष्ट्र में सम्मान से नवाजा गया है। महाराष्ट्र तीसरा राज्य है, जिसने प्रयागराज के फायर सेफ्टी मॉडल पर टीम को सराहा और सम्मानित किया है।

# धान क्रय लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन
# सेमीकंडक्टर निवेश को हरी झंडी
## यूपी कैबिनेट ने लिए आर्थिक, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे संबंधी फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में सभी 22 प्रस्तावों पर सहमति बनी। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कैबिनेट के फैसलों की विस्तृत जानकारी साझा की। खन्ना ने बताया कि सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी मिली है, जो राज्य के आर्थिक, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में नई दिशा प्रदान करेंगे।

**2025-26 के लिए धान क्रय नीति की घोषणा :** खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए मूल्य संवर्धन योजना के अंतर्गत धान क्रय नीति की घोषणा की गई है। इसके तहत पश्चिमी उप्र. में 1 अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक और पूर्वी उप्र. में 15 अक्टूबर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक धान की खरीद की जाएगी। गत वर्ष कॉमन धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2300 रुपये प्रति क्विंटल था, जो इस वर्ष बढ़ाकर 2369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इसी प्रकार, ग्रेड ए धान के लिए पिछले वर्ष 2330 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले इस वर्ष 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कुल 60 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें वर्तमान में 3100 क्रय केंद्र कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इनकी संख्या बढ़ाकर 700 अतिरिक्त केंद्र जोड़े जाएंगे, ताकि किसानों को अधिक सुविधा मिल सके।

### मक्का का 2400 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित

मोटा अनाज की खरीद नीति भी मंजूर की गई, जो 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी। मक्का की खरीद के लिए 2400 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के 2225 रुपये प्रति क्विंटल से 175 रुपये की वृद्धि दर्शाता है। प्रदेशभर 75 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे और 15 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य है।

### बाजरा का 2775 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय

बाजरा की खरीद के लिए 2775 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य तय किया गया है, जो पिछले वर्ष के 2625 रुपये से 150 रुपये अधिक है। बाजरा की खरीद 33 जिलों में होगी। 300 क्रय केंद्रों के माध्यम से 2 लाख 20 हजार मीट्रिक टन बाजरा खरीदा जाएगा।

### खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर विशेष जोर

बैठक में ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत बनाने वाले फैसलों पर विशेष जोर दिया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) न्यास तृतीय संशोधन नियमावली 2025 को मंत्रिपरिषद ने अपना अनुमोदन दे दिया है। इस संशोधन से राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा।

## लोन लेकर गायब हुए सैकड़ों लाभार्थी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम की टर्म लोन योजना बकायेदारों की लापरवाही के चलते बंदी के कगार पर पहुंच गई है।

योजना के तहत 1996-97 से अब तक जिले में 745 लाभार्थियों को दो करोड़ 57 लाख रुपये ऋण वितरित किया गया, लेकिन इनमें से अधिकांश ने समय से किश्तें नहीं चुकाईं। इससे निगम की कुल एक करोड़ 69 लाख रुपये की वसूली शेष है। विभाग द्वारा बकाएदारों को नोटिसें जारी की जा रही हैं, जिनमें से कई बकाएदार गायब हैं या फिर उनके रिकार्ड में दर्ज पते पर वह नहीं मिल रहे हैं। योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक वर्ग के आर्थिक उत्थान के लिए था, जिसके बाद लोन की धनराशि किश्तों में जमा करनी थी। सूत्रों की माने तो अधिकांश बकाएदारों ने कई सालों तक एक भी किश्त जमा नहीं की थीं जमा भी नहीं करना चाहते थे। बल्कि कर्जा माफ होने की उम्मीद लगाए थे, लेकिन शासन ने बकाएदारों पर शिकंजा कसते हुए लोन की बकाया रकम 3.47 करोड़ रुपये को जमा कराने के लिए नोटिस देनी शुरू की थी।

# दावत नहीं देने पर गोली मारकर युवक की हत्या

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

- प्रधानपति ने बेटों के साथ मिलकर वारदात को दिया अंजाम

**अमृत विचार :** बेटे के नामकरण की दावत नहीं देने से नाराज प्रधानपति ने अपने बेटों के साथ युवक के घर में घुसकर गाली गलौज करने के बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। परिजनों ने आरोपी प्रधान पति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। सूचना पर एसपी और सीओ तिलहर मौके पर पहुंचे और वारदात को लेकर पूछताछ की। पुलिस ने प्रधान पति और उसके दो बेटों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



अवनीश।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी साधूराम ने बताया 25 सितंबर गुरुवार को रात 11 बजे उसके पुत्र अवनीश कुमार के बेटे यानी के नामकरण संस्कार की दावत चल रही थी। दावत में उसके तमाम मेहमान और गांव वाले आए थे। इसी बीच ग्राम प्रधान के लड़के धर्मेंद्र और धीरेंद्र वर्मा उसके घर में घुस आए। धीरेंद्र वर्मा के पास तमंचा था। आरोप है वे घर में गाना गा रही महिलाओं से अश्लील हरकते करने लगे। साधूराम और उसके पुत्र अवनीश कुमार ने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपी उसके पुत्र को गालियां देकर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। रात 11:30 बजे प्रधान पति सुखदेव अपने दोनों बेटों धर्मेंद्र व धीरेंद्र के साथ तमंचा लेकर फिर साधूराम के घर पहुंचा। प्रधानपति सुखदेव ने धमकी दी कि मैं प्रधान हूं और मेरी अधिकारियों तक अच्छी पहुंच है। साधूराम के बेटे अवनीश ने जब विरोध किया तो प्रधान पति के बेटों ने उसे पकड़ लिया। आरोप है आरोपी सुखदेव ने घर में मेहमानों के सामने ही अवनीश के सीने पर तमंचे से फायर कर दिया। परिजन घायल अवनीश को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लोगों ने आरोपी सुखदेव को पकड़ लिया।

## खाई में जा गिरी जीप 11 यात्री घायल

**चम्पावत, अमृत विचार :** सितारगंज से पिथौरागढ़ जा रही जीप के चम्पावत में सिप्टी-लफड़ा मोटर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होने से 11 यात्री घायल हो गए। इनमें से तीन यात्रियों की हालत गंभीर होने से उन्हें एयरलिफ्ट कर एसटीएच हल्द्वानी पहुंचाया गया। शेष घायलों का उपचार जिला अस्पताल में किया गया। सभी की हालत सामान्य है।

# गोरखपुर में छात्र दीपक का हत्यारा जुबैर रामपुर में ढेर

रामपुर, कार्यालय

- एक लाख के इनामी जुबैर ने पशु तस्करी के विरोध में की थी नीट के छात्र की हत्या

**अमृत विचार:** गोरखपुर की पिपराइच के जंगल धूसड़ महुआचाफी गांव में छात्र दीपक गुप्ता की हत्या मामले में फरार चल रहे पशु तस्कर जुबैर को पुलिस ने रामपुर में मुठभेड में ढेर कर दिया।



पशु तस्कर जुबैर पिछले दिनों हुई दीपक गुप्ता की हत्या में मुख्य आरोपी था। जुबैर पर एक लाख रुपये का ईनाम रखा गया था। गोरखपुर में 19 साल के दीपक गुप्ता की उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह तस्करों को जानवरों की चोरी करने से रोक रहा था। दीपक मेडिकल एंट्रेस एग्जाम नीट की तैयारी कर रहा था। इस हत्या के पीछे रामपुर के शहर कोतवाली के मोहल्ला घेर मर्दान खां निवासी जुबैर का नाम सामने आया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार जुबैर सिर्फ गोरखपुर ही नहीं, बल्कि गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर से लेकर बिहार तक फैले पशु तस्करी के गढ़ में सक्रिय था। शुक्रवार रात एसटीएफ और रामपुर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जुबैर की तलाश में घेराबंदी की। गंज थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में जुबैर मारा गया।

एसपी रामपुर विद्या सागर मिश्र ने बताया कि रात में जुबैर को मुठभेड़ हुई है, जिसमें जुबैर मारा गया है। पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई कर रही है। डीआईजी मुनिराज जी ने रात में मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रात साढ़े 10 बजे चाकू चौराहे पर आरोपी से मुठभेड़ हुई। जिसमें उसकी मौत हो गई है। मृतक के शव को जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गोरखपुर और रामपुर पुलिस को थी तलाश

जुबैर को पुलिस काफी समय से तलाश रही थी। उसके ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही थी, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आ रहा था। जुबैर कोतवाली थाना क्षेत्र के घेर मर्दन का रहने वाला था। उस पर काफी मुकदमे थे।

## विवाह को एक अवसर मिलना चाहिए : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक पति-पत्नी द्वारा विवाह के मात्र बीस दिन बाद अलग रहने और छह माह के भीतर आपसी सहमति से तलाक की अर्जी दाखिल करने पर कहा कि ऐसी स्थिति असाधारण कठिनाई या भ्रष्टता नहीं दर्शाती और विवाह को एक अवसर अवश्य दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक असाधारण कठिनाई या भ्रष्ट आचरण का मामला न हो, तब तक विवाह को समाप्त करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा एवं न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना की खंडपीठ ने अर्पित गर्ग की प्रथम अपील को खारिज कर पारित किया।

अपीलकर्ता ने फैमिली कोर्ट द्वारा 13 अगस्त 2025 को पारित आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 14(1) के तहत संयुक्त आवेदन खारिज कर दिया गया था। अपीलकर्ता ने तर्क दिया कि पत्नी ने आपराधिक मुकदमा दाखिल कर रखा है और वह विदेश जाना चाहता है, लेकिन वैवाहिक विवाद बाधा बन रहा है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि दोनों पक्षों का 3 मार्च 2025 को विवाह हुआ था और 21 मार्च 2025 से वे अलग रह रहे हैं। मात्र बीस दिन साथ रहने के बाद संयुक्त रूप से तलाक की अर्जी देना असाधारण कठिनाई या भ्रष्टता की परिभाषा में नहीं आता।

# विकसित यूपी बनाने में पंचायतों की होगी बड़ी भूमिका : मुख्यमंत्री



विकसित उप्र-2047 अभियान को लेकर ग्राम प्रधानों के साथ वर्चुअल संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- गांव समृद्ध होंगे तो यूपी देश का नंबर एक प्रदेश बनेगा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वर्चुअल संवाद में प्रदेश के 57 हजार ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों से कहा कि विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में सबसे बड़ी भूमिका पंचायतों की होगी। यदि गांव समृद्ध होंगे तो यूपी देश का नंबर एक प्रदेश बनेगा।

मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रधानों को 'विकसित यूपी @2047' संकल्प से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री के 'पंच प्रण' की शपथ भी दिलाई। इस दौरान सुझाव देने के लिए समर्थ पोर्टल व क्यूआर कोड की जानकारी दी गई। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अव्यवस्था का शिकार था। लेकिन बीते आठ वर्षों में यूपी की तस्वीर बदल गई है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था 13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 35 लाख करोड़ रुपये और प्रति व्यक्ति आय 43 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि आपके सुझावों पर आधारित विजन डॉक्यूमेंट अगले 22 वर्षों का रोडमैप तय करेगा।

### सर्वोत्तम सुझावों को मिलेगा सम्मान

योगी ने ग्राम प्रधानों से पंचायत बैठकों में अभियान पर चर्चा करने और गांव-गांव लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले से 3 और प्रदेश स्तर पर 5 सर्वोत्तम सुझावों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### ग्राम प्रधानों ने सुनाई बदलाव की कहानी

- **बरेली :** भरतौल की प्रधान प्रवेश ने गांव को मॉडल ग्राम बताते हुए कहा कि यहां सबसे पहले मॉडल राशन की दुकान खोली गई थी।
- **अलीगढ़ :** तलेसरा के प्रधान गजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव से 13 स्वतंत्रता सेनानी जुड़े हैं, जिनकी स्मृति में स्टेडियम और अमृत सरोवर बने हैं।
- **शाहजहांपुर :** भवालखेड़ा के प्रधान जय प्रकाश ने स्वयं सहायता समूहों को गांव की अर्थव्यवस्था का आधार बताया।
- **रामपुर :** कोयला के प्रधान भूकन लाल ने बताया कि पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र, कॉलेज, बैंक और लाइब्रेरी तक की सुविधाएं मौजूद हैं।


**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है हमारे ग्राहक मै. आदिदेव पेट्रोकेमिकल्स प्रा. लि. स्वामी श्री नवनीत पांडेय पुत्र श्री श्यामनाथ पांडेय व पूजा पांडेय पत्नी श्री नवनीत पांडेय निवासी मदरा खेल जिला शाहजहांपुर ने एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा टाउनहॉल, शाहजहांपुर में अपनी सम्पत्ति बन्धक करके लोन के लिए आवेदन किया है। (सम्पत्ति-1) व्यवसायिक सम्पत्ति/गाटा संख्या 100 स्थित ग्राम धनेला तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर 0.317 हे. जिसकी पंजीकृत विक्रय पत्र दस्तावेज नं.- 5725 दिनांक 10.09.2004 व दस्तावेज नं.- 5460 दिनांक 25.08.2004 की मूल प्रतियां कहीं खो गयी है जो कि सब-रजिस्ट्रार कार्यालय तिलहर - शाहजहांपुर में पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेजों की गुमशुदगी के सम्बन्ध में ई-थाना-लखनऊ मुख्यालय (HQ) में दिनांक 25.09.2025 को सूचना दी जा चुकी है। उक्त दस्तावेज की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाश के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्यदिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा। - **राजीव त्रिपाठी एडवोकेट, गौहनिया चौराहा, पीलीभीत मो. 7017798117**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T16, दिनांकः 24-09-2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्रम सं.-01,** कार्य का नामः इज्जतनगर मण्डल के KSJ-BC-MLN खण्ड में 04 वर्ष की अवधि के लिये SCADA प्रणाली का व्यापक वार्षिक रखरखाव से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T16, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 75,27,336/-, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: ₹ 1,50,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: 0.00, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः 17-10-2025, 11:00 बजे, कार्य पूरा करने की अवधिः 48 माह।

- खुली ई-निविदा दिनांक 17-10-2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी**
मुजाधि/विद्युत-145 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक, मानसिक चिकित्सालय, बरेली**

पत्रांक : मा.चि./वॉक-इन-इंटरव्यू/2025-26/694 दिनांक : 26.09.2025

**वॉक-इन-इंटरव्यू निरस्त सूचना**

मानसिक चिकित्सालय बरेली, में स्थापित ए.टी.एफ. सेल में कुल 04 पदों पर संविदा के माध्यम से दिनांक 27.09.2025 को आयोजित होने वाले वॉक-इन-इंटरव्यू को अपरिहार्य कारणों से अग्रिम आदेशों तक निरस्त किया जाता है।

**निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक**
**मानसिक चिकित्सालय, बरेली**


खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

### मोटरसाइकिलों की टक्कर में तीन युवकों की मौत

**हरदोई, एजेंसी :** जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई और एक बच्ची समेत तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंकित मिश्रा ने बताया कि कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत पराग डेरी के पास में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर हो गई थी।

## रुद्रपुर गोलीकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में नैनीताल-रामपुर हाईवे पर हुई गोलीबारी और बवाल प्रकरण में शामिल तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और एक तमंचा भी बरामद किया।

शुक्रवार को खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 24 सितंबर की दोपहर को डिग्री कॉलेज गेट पर छात्र संघ अध्यक्ष पद के नामांकन के दौरान अध्यक्ष पद के दावेदार रजत सिंह बिष्ट और नागेंद्र गंगवार समर्थक भिड़ गए थे और हाईवे पर फायरिंग की वारदात हुई थी। पुलिस ने 15 अभियुक्तों को नामजद करते हुए घटना में शामिल ईश्वरपुर शीशगढ बरेली निवासी रखवीर सिंह, आदर्श कॉलोनी वार्ड-29 दानिश नवी और नेताजी नगर विजय नगर दिनेशपुर निवासी गुरपेज सिंह को किच्छा हाईवे से गिरफ्तार कर लिया।

# 2007 की भर्ती में घालमेल 54 लैब टेक्नीशियन रडार पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वास्थ्य विभाग की नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में वर्षों पुरानी एक और भर्ती अब संदेह के घेरे में आ गई है। वर्ष 2007 में हुई 572 लैब टेक्नीशियन पदों की भर्ती में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा और भाई-भतीजावाद का खुलासा हुआ है।

एक ही परिवार के नियुक्ति पाने वाले आठ टेक्नीशियन समेत 54 टेक्नीशियन प्रारंभिक जांच में संदेह के घेरे में आ चुके हैं। जांच रिपोर्ट शासकीय कार्यालय में पहुंच चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं हैं, जांच रिपोर्ट देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अंतर्गत कार्यरत लैब टेक्नीशियनों की नियुक्ति संबन्धी जांच के दौरान कई खुलासे हुए। इनमें जिला फतेहपुर के अलावा बस्ती, हरदोई, इलाहाबाद, कानपुर देहात और फतेहपुर आदि के लैब टेक्नीशियन शामिल हैं।

## कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले में अगली सुनवाई नौ अक्टूबर को

**प्रयागराज, एजेंसी :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद अगली तारीख नौ अक्टूबर, 2025 तय की। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र ने दलीलें सुनने के बाद अगली तिथि तय की। शुक्रवार को विभिन्न आवेदनों और उन आवेदनों पर आपत्तियों को सुना गया। हिंदू पक्ष ने शाही ईदगाह मस्जिद का ढांचा हटाने के बाद जमीन का कब्जा लेने और मंदिर का पुनर्निर्माण करने के लिए 18 वाद दाखिल किए हैं।


**कार्यालय उप जिलाधिकारी, बीसलपुर, पीलीभीत।**

पत्रांक 166 /मत्स्य आखेट पट्टा नदी/2025-26 दिनांक 22-09-2025

प्रेस-विज्ञाप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मत्स्य आखेट पट्टा नीलामी शासनादेश सं01/2019/33/1-2-2019 (रिट) 2018 दिनांक 10.01.2019 तथा नवीन तकनीकी मत्स्य आखेट शासनादेश सं097/सत्रह-म-2024-17-1099/9/2024, दिनांक 19-01-2024 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत तहसील बीसलपुर (पीलीभीत) में बहने वाली सदानीरा देवहा नदी के तीन खण्डों की मत्स्य आखेट हेतु नीलामी दिनांक 30-09-2025 को 12:30 बजे तहसील सभागार बीसलपुर मे की जायेगी, यदि नियत तिथि पर कोई म0जी0सह0 समिति प्रतिभाग नही करती है, तो क्रमशः दिनांक 07-10-2025 व दिनांक 16-10-2025 एवं 28-10-2025 को 12:30 बजे पुनः उक्त नदी के खण्डो की नीलामी प्रक्रिया की जायेगी, इच्छुक म0जी0सह0 समितियां जो मत्स्य विभाग से पंजीकृत है, उक्त नीलामी मे भाग लेने हेतु आमन्त्रित है, नीलामी की पात्रता एवं शर्ते व मत्स्य आखेट समिति द्वारा निर्धारित मत्स्य आखेट खण्डों का विवरण व न्यूनतम मूल्य निम्नवत् है-

| क्रम सं0 | नदी का नाम | चिन्हित मत्स्य आखेट क्षेत्र | कुल नदी की लम्बाई (कि0मी0 मे) | न्यूनतम आरक्षित मूल्य धनराशि (लाख मे) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | देवहा नदी | (1) ग्राम रम्पुरा नौगवां से रिछौला घासी | 08 कि0मी0 | 1.00 |
| | | (2) ग्राम सितारगंज नवदियां से सहबाजपुर | 07 कि0मी0, 130मी0 | 0.875 |
| | | (3) ग्राम पुरैना से ग्राम बहादुरपुर हुकमी | 08 कि0मी0 | 1.00 |

पट्टा/नीलामी की शर्ते :-

1. मत्स्य विभाग मे पंजीकृत म0जी0सह0 समितियों की पात्रता का वरीता क्रम एवं शासनादेश सं0 1/2019/33/1-2-2019 (रिट) 2018, दिनांक 10.01.2019 मे वर्णित है।
2. प्रतिभाग करने वाली समिति को सम्बन्धित खण्ड की न्यूनतम धनराशि का 10 प्रतिशत जमानत के रूप मे पट्टा नीलामी से पूर्व जमा करना होगा एवं नीलामी पूर्ण होने पर कुल 25 प्रतिशत धनराशि नीलामी वाले दिन तत्काल तथा अवशेष धनराशि 75 प्रतिशत 01 सप्ताह के अन्दर जमा करनी होगी। यदि समिति के द्वारा अवशेष धनराशि 75 प्रतिशत धनराशि 01 सप्ताह मे नही जमा की गयी तो जमा की गयी 25 प्रतिशत धनराशि राज्य हित मे जप्त कर ली जायेगी।
3. उपरोक्त नीलामी मे प्रतिभाग मत्स्य विभाग मे पंजीकृत म0जी0सह0 समिति द्वारा ही किया जायेगा।
4. नीलामी प्राप्तकर्ता समिति को मत्स्य विभाग के अधिकारियों की देख-रेख मे भारतीय मेजर कार्प प्रजाति की 2000 मत्स्य अगुलिका प्रति कि0मी0 की दर से रिवर रैचिंग करवाना अनिवार्य होगा।
5. पट्टे की अवधि नीलामी तिथि से 30 जून 2026 तक होगी, किन्तु 01 जून 2025 से 31 अगस्त 2025 तक नदियों मे मत्स्य आखेट प्रतिबन्धित रहेगा।
6. पट्टाधारक/नीलामी प्राप्तकर्ता के द्वारा बहती हुई नदी/जलधारा को रोकने का प्रयास नही किया जायेगा।
7. पट्टा/नीलामी स्वीकृति/अस्वीकृति का अधिकार जिलाधिकारी, महोदय पीलीभीत के पास निहित होगा।

पट्टा नीलामी से सम्बन्धित सभी शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, विकास भवन पीलीभीत कमरा नं0-34, 35 मे किसी भी कार्य दिवस मे सम्पर्क कर सकते है।

UP - 238188 **दिनांक:** 25/09/2025
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

(नागेन्द्र पाण्डेय)
उप जिलाधिकारी/नीलामी अधिकारी,
तहसील-बीसलपुर,
जनपद-पीलीभीत।

**न्यायालय श्रीमान् सिविल जज सीनियर डिवीजन महोदय, पीलीभीत**

उत्तराधिकार वाद सं.- 99 सन् 2025
हरिपाल आयु करीब 53 वर्ष पुत्र स्व. जोखे लाल निवासी ग्राम चौखण्डी तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत **बनाम**

1. मेघनाथ आयु करीब 70 वर्ष 2. ओमप्रकाश आयुकरीब 59 वर्ष पुत्रगण स्व. जोखेलाल निवासी ग्रा. चौखण्डी, तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत 3. लौंगश्री आयु करीब 72 वर्ष पुत्री स्व. जोखे लाल पत्नी मुन्ना लाल नि. ग्राम अलैहिया तहसील नवाबगंज जिला बरेली 4. जयन्ती देवी आयु करीब 49 वर्ष पुत्री स्व. जोखेलाल पत्नी रामचन्द्र लाल निवासी ग्राम रम्पुरा नत्थू तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत 5. कमलेश गंगवार आयु करीब 56 वर्ष पुत्री स्व. जोखे लाल पत्नी श्री जानकी प्रसाद निवासी गली नं. 2 बैंक कॉलोनी, महोली विस्तार, पूर्वी दिल्ली

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-372 भा.उ.अधिनियम

हरखास व आम को इत्तिला दी जाती है कि प्रार्थी उपरोक्त ने एक प्रार्थनापत्र बावत प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र इस न्यायालय को इस आशय का दिया है, कि गयादीन पुत्र स्व. जोखेलाल नि. ग्राम चौखण्डी, तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत की मृत्यु दिनांक 27.04.2025 को अपने निवास स्थान पर हुई है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र न्यायालय हाजा में दर्ज रजिस्टर हो चुका है। तथा न्यायालय ने प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के अन्तिम निस्तारण हेतु दिनांक 16.10.2025 नियत की है। अतः हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि जिस किसी भी सख्श को प्रार्थनापत्र की बावत कोई उज्र हो तो वह उपरोक्त नियत तिथि को न्यायाल में अपनी उपस्थिति देकर आपत्ति प्रस्तुत करें वरना प्रार्थनापत्र की सुनवाई एकपक्षीय रूप से कर दी जायेगी। आज दिनांक 19.9.2025 को मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राधा ट्रेडिंग कंपनी प्रोपराइटर नीलम गुप्ता पत्नी नत्थू लाल, मोहल्ला कैलाश नगर, नवाबगंज, बरेली का निवासी नवाबगंज एक्सिस बैंक लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है उक्त संपत्ति वैभव गुप्ता पुत्र नत्थू लाल गुप्ता के स्वामित्व वाली बिजौरिया उर्फ नवाबगंज, मोहल्ला नई बस्ती पूर्वी परगना, तहसील नवाबगंज जिला बरेली में 42.55 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली संपत्ति पर ऋण के लिए आवेदन किया है। अब ग्राहक ने घोषणा की है कि उसके पास कोई पुराना पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11.02.1997 और 25.11.1997 क्रमांक संख्या 503 और 3881 पिछला मूल बैनामा जिसका रजिस्टर्ड तहसील नवाबगंज जिला बरेली में कहीं खो गया है जिसकी सूचना दिनांक 18.09.2025 को पुलिस को दी हुई ह। उक्त मूल बैनामा अनु उपलब्धता को संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को किसी प्रकार कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की समान कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जाएगा।

**राजीव त्रिपाठी एडवोकेट**
**कार्यालय : गोहनिया चुंगी चौराहा, निकट गुप्ता पेट्रोल पम्प, पीलीभीत।**
**मो. 9412585442**


# उपद्रवियों के खिलाफ होगी निर्णायक कार्रवाई: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दशहरा बुराई व आतंक के दहन का प्रतीक, एक्शन का सही समय: मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में उपद्रव फैलाने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ निर्णायक व कड़ी कार्रवाई की जाए। दशहरा बुराई व आतंक के दहन का प्रतीक है। ऐसे मौके पर अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के साथ ऐसी कार्रवाई की जाए जो नजीर बने। उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए यह उपयुक्त समय भी है।

मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार देर रात शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, जोनल एडीजी, आईजी, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से कानून-व्यवस्था की समीक्षा में अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति दोहराते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहें, अराजकतत्वों को सबक सिखाने को कृतसंकल्प हों।

शारदीय नवरात्र से प्रारंभ मिशन शक्ति 5.0 की प्रगति पर संतोष जताते हुए योगी ने कहा कि गरबा-डांडिया व अन्य धार्मिक आयोजनों में घुसकर माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। कहा कि छेड़खानी, चेन स्नेचिंग या एसिड अटैक जैसी घटनाओं पर न केवल थाने व चौकी की जवाबदेही तय होगी बल्कि पीआरवी की भूमिका भी जांची जाएगी। दशहरे के बाद जोनल एडीजी इसकी थानावार समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। हाल के दिनों में कानपुर नगर, वाराणसी, मुरादाबाद, बदायूं, महराजगंज, उन्नाव, संभल, आगरा व बरेली में आपत्तिजनक जुलूस व भड़काऊ नारेबाजी की घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह सब प्रदेश का माहौल खराब करने की सुनियोजित साजिश है।

साजिश करने वालों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जुलूसों में शामिल उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज की जाए, उनकी संपत्ति की जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने जातीय संघर्ष भड़काने की कोशिशों पर भी सख्ती दिखाई और कहा कि शासन के स्पष्ट आदेशों का अधिकारी पालन करें। जाति के नाम पर समाज में वैमनस्यता फैलाने वालों को हर हाल में न बख्शा जाए।

## नेशनल ब्रीफ

### रिश्वत: दो आयकर अधिकारियों को जेल

**जोधपुर।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को 15 लाख रुपये की रिश्वत लेने के दोषी में दो आयकर अधिकारियों को चार साल कैद की सजा सुनाई, जबकि बिचौलिए के तौर पर काम करने के आरोपी एक जौहरी को बरी कर दिया। जेल की सजा के अलावा दोनों अधिकारियों को 1.10-1.10 लाख रुपये का जुर्माना भी भरना होगा। अदालत के आदेश के अनुसार, फैसला सुनाते हुए पीठासीन अधिकारी (सीबीआई मामलों के लिए विशेष अदालत) भूपेंद्र सनाढ्य ने कहा कि अधिकारियों के कृत्य गंभीर भ्रष्टाचार का मामला हैं, जिससे सरकारी संस्थानों में जनता का विश्वास कम हुआ है।

### हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** एनआईए ने हिजबुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी की अचल संपत्ति कुर्क की। यह आतंकवादी कश्मीर घाटी में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबंधित संगठन के सक्रिय आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति में शामिल था। एनआईए की विशेष अदालत जम्मू के आदेश पर एजेंसी ने तारिक अहमद मीर की अचल संपत्ति कुर्क की है। मीर पर आरोप पत्र दायर किया गया है और उसे इस मामले में अप्रैल 2025 में गिरफ्तार किया गया था।

### चैतन्यानंद के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने स्वयंभू धर्मगुरु स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती से जुड़ी लगभग आठ करोड़ रुपये की धनराशि के लेन-देन पर रोक लगा दी है। स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर शहर के एक संस्थान की 17 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि यह राशि 18 बैंक खातों और 28 सावधि जमा के रूप में है। जांचकर्ताओं के अनुसार, यह धनराशि सरस्वती द्वारा स्थापित एक न्यास की है, जिसे भारी दान प्राप्त हुआ था। पुलिस ने बताया कि खातों में लेन-देन पर रोक वित्तीय लेनदेन की जांच का हिस्सा है।

### वेंकटरमणी दो साल के लिए अटॉर्नी जनरल

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता आर वेंकटरमणी को शुक्रवार को अगले दो साल के लिए फिर से भारत का अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया गया है। देश के शीर्ष विधि अधिकारी के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति एक अक्टूबर से प्रभावी होगी। उनका वर्तमान तीन साल का कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। वेंकटरमणी (75) ने 30 सितंबर, 2022 को अनुभवी न्यायविद् के के वेणुगोपाल का स्थान लेते हुए अटॉर्नी जनरल का पद संभाला था।

# मिग 21 : अद्भुत योद्धा को आखिरी सलाम

**चंडीगढ़।** भारतीय वायु सेना के युद्ध बेड़े की रीढ़ रहे प्रसिद्ध मिकोयान-गुरेविच मिग-21 लड़ाकू विमान ने शुक्रवार को अंतिम बार भारतीय आकाश में उड़ान भरी और इसी के साथ इसके 62 साल लंबे सफर का समापन हो गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मौके पर कहा कि मिग-21 सिर्फ एक विमान या मशीन नहीं बल्कि राष्ट्रीय गौरव और भारत एवं रूस के बीच मजबूत संबंधों का प्रमाण है। राजनाथ ने छह दशक से भी अधिक समय तक भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे मिग-21 को सेवामुक्त किए जाने के बीच यह टिप्पणी की। रूस निर्मित मिग-21 लड़ाकू विमानों को 1963 में भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था। राजनाथ ने कहा कि मिग-21 की 60 साल से अधिक की यात्रा बेजोड़ है और इस विमान ने दशकों तक देश की सुरक्षा का भार अपने पंखों पर उठाए रखा तथा हमारे आत्मविश्वास को आकार दिया और हमारी रणनीति को मजबूत किया।



चंडीगढ़ में आखिरी उड़ान।

> मिग-21 ने हमारे आत्मविश्वास को आकार दिया, हमारी रणनीति को मजबूत किया और वैश्विक मंच पर हमारी पहचान स्थापित करने में मदद की। इस विमान ने अपनी यात्रा में हर चुनौती का सामना किया और हर बार अपनी क्षमता साबित की। हमेशा हमारे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान ऊंचा रखा। – **राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**



मिग-21 की विदाई की बेला में भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरन टीम ने आसमान में दिखाए हैरतअंगेज करतब।



वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने भी भरी उड़ान।

- **छह दशक की बेमिसाल सेवा के बाद वायुसेना ने दी भव्य विदाई**

### वायुसेना के लाड़ले को अभूतपूर्व सम्मान

समारोह में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के नेतृत्व में एक शानदार फ्लाईपास्ट किया गया, जो एक दुर्लभ और प्रतीकात्मक संकेत था, जिससे इस शानदार विमान के प्रति भारतीय वायु सेना का गहरा सम्मान प्रदर्शित होता है। इस मौके पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत, कई पूर्व वायुसेना प्रमुख तथा सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी मौजूद थे।



### कांग्रेस ने नेहरू और कृष्ण मेनन को याद किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मिग-21 लड़ाकू विमान के सेवा मुक्त होने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पूर्व रक्षा मंत्री वीके कृष्ण मेनन को याद किया और कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की ओर से भारी दबाव था, लेकिन नेहरू और मेनन दोनों इस विमान को लेकर अडिग रहे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 22 अगस्त, 1962 को भारत और सोवियत संघ ने मिग-21 समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते ने रक्षा क्षेत्र में भारत-सोवियत सहयोग को मजबूत करने का मार्ग साफ किया। उनके मुताबिक, वर्ष 1987 में प्रमुख सामरिक विशेषज्ञ के. सुब्रह्मण्यम ने लिखा था कि वीके कृष्ण मेनन ने भारतीय वायु सेना पर मिग-21 चुनने का दबाव डाला था, लेकिन मुड़कर देखें तो मेनन का ऐसा करना सही था।

# बिहार की महिलाएं सुनिश्चित करें, कभी सत्ता में न लौटें राजद, उसके सहयोगी

## मोदी ने की महिला रोजगार योजना की शुरुआत, 75 लाख महिलाओं को दिए 10-10 हजार रुपये

पटना, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में महिलाओं को सबसे ज्यादा कष्ट झेलना पड़ा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली पार्टी और उसके सहयोगियों को कभी सत्ता में वापस न आने दें।

मोदी ने कहा कि बिहार की महिलाओं के अब दो भाई हैं "नीतीश और मोदी", जो उनकी भलाई के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने दिल्ली से डिजिटल माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत की, जिसके तहत बिहार की 75 लाख महिलाओं को स्वरोजगार और आजीविका के लिए 10-10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई। करीब 7,500 करोड़ रुपये की इस योजना के तहत महिलाओं को शुरुआत में 10,000 रुपये की मदद दी जा रही है। लेकिन उनके उद्यम की सफलता के आधार पर अधिकतम दो लाख रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।



इस मौके पर पटना से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और कई केंद्रीय एवं राज्य मंत्री भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़े। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा, राजद के शासनकाल में बिहार की महि लाओं को बहुत कष्ट सहना पड़ा। न सड़कें थीं, न कानून-व्यवस्था... लेकिन अब नीतीश कुमार सरकार में महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। इसलिए, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि राजद और उसके सहयोगी कभी सत्ता में वापस न आएं। उन्होंने कहा कि राजग सरकार बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण पर काम कर रही है और जल्द ही बिहार में देश की सबसे ज्यादा 'लखपति दीदियां' होंगी।

मोदी ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह बिहार की महिलाओं के लिए नीतीश सरकार का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, जब कोई बहन या बेटी नौकरी पाती है या स्वरोजगार शुरू करती है, तो उसके सपनों को पंख लगते हैं और समाज में उसका सम्मान और बढ़ जाता है। भाई की असली खुशी तब होती है जब उसकी बहन स्वस्थ, समृद्ध और परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हो।

प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना, 8.5 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे बिहारवासियों का जीवन बदला है। उन्होंने कहा, कभी गांव में गैस कनेक्शन लेना चुनौती थी। माताएं-बहनें लकड़ी के धुएं में जिंदगी गुजारती थीं। हमने हर घर में गैस कनेक्शन पहुंचाकर उन्हें बचाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य देश में तीन करोड़ 'लखपति दीदियां' बनाने का है और अब तक दो करोड़ से ज्यादा बहनें इस मुकाम तक पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा, बिहार जल्द ही देश में सबसे ज्यादा 'लखपति दीदियां' वाला राज्य बनेगा।

### महिलाओं की स्थिति सुधार कर उन्हें सशक्त बना रहे हैं

मोदी ने कहा कि नयी योजना के तहत महिलाएं किराना, बर्तन, कॉस्मेटिक, खिलौने और स्टेशनरी जैसी दुकानें खोल सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं सेना, पुलिस और वायुसेना में शामिल हो रही हैं और लड़ाकू विमान तक उड़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के बड़े हिस्से में उसना चावल पसंद किया जाता है। पहले राशन में अरवा चावल मिलता था, जिसे लोग बाजार में बदलवाते थे और 20 किलो अरवा के बदले केवल 10 किलो उसना चावल पाते थे। उन्होंने कहा, सरकार अब राशन में सीधा उसना चावल उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न जिलों से जुड़ी महिलाओं से बातचीत भी की। पूर्णिया की एक लाभार्थी ने बताया कि वह अपनी मिठाई की दुकान का विस्तार कर जलेबी बेचना चाहती है। इस पर मोदी ने विपक्ष पर परोक्ष टिप्पणी करते हुए कहा, हाल के दिनों में जलेबी को लेकर खूब राजनीति हुई थी। प्रधानमंत्री का इशारा हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान 'जलेबी' विवाद पर था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा, राजग सरकार राज्य के समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रही है। हम महिलाओं की स्थिति सुधार रहे हैं और उन्हें सशक्त बना रहे हैं।

## बिहार: शंकराचार्य सभी सीटों पर उतारेंगे निर्दलीय गौभक्त प्रत्याशी

**डेहरी ऑन सोन।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बिहार में सनातनी राजनीति का शंखनाद करते हुए कहा है कि बिहार विधानसभा की सभी सीटों पर निर्दलीय गौ भक्त प्रत्याशी खड़े किए जाएंगे। सरस्वती बिहार के रोहतास जिले के बस्तीपुर गांव में गौ मतदाता संकल्प यात्रा में भाग लेने पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी तरफ से बिहार में सभी विधानसभा क्षेत्रों में गौ भक्त प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वह स्वयं गौ भक्तो का चुनाव प्रचार करेंगे और सनातनी हिन्दुओं से गौ को राष्ट्र माता घोषित करने के मुद्दे पर मतदान की अपील करेंगे। शंकराचार्य ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हिन्दू धर्मावलंबी गौ माता का संरक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि गौ रक्षा हमारी आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि यह हमारे समाज और संस्कृति की भी आधारशिला है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में केवल उन्हीं प्रत्याशियों को वोट दें, जो गौ रक्षा को लेकर स्पष्ट और संकल्पित हों।

## ईडी ने कुंद्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**मुंबई।** ईडी ने बिटकॉइन 'घोटाले' में व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। ईडी ने कहा कि वह इन लेन-देन में केवल 'मध्यस्थ' नहीं, बल्कि लाभ प्राप्त करने वाले मालिक थे।

ईडी के अनुसार, कुंद्रा के पास 285 बिटकॉइन हैं, जिनकी वर्तमान कीमत 150.47 करोड़ रुपये है। ये बिटकॉइन उन्हें क्रिप्टो घोटाले के मास्टरमाइंड रहे दिवंगत अमित भारद्वाज से मिले थे। यह आरोपपत्र हाल में एक विशेष पीएमएलए अदालत में दाखिल किया गया था। इसमें कहा गया कि कुंद्रा ने जानबूझकर बिटकॉइन वॉलेट के पते आदि सहित महत्वपूर्ण सबूत छुपाए और भारद्वाज से प्राप्त बिटकॉइन को वापस नहीं किया।

## चुनावी लाभ के लिए महिलाओं को लुभा रही सरकार

**पटना।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत किए जाने पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि सरकार चुनावी लाभ के लिए महिलाओं को लुभाने की कोशिश कर रही है।



कांग्रेस महासचिव ने कहा, यह योजना चुनाव से ठीक पहले क्यों लाई जा रही है। पिछले 20 साल से किसकी सरकार सत्ता में रही है। इतने सालों में यह काम क्यों नहीं किया गया। अब अचानक इन्हें महिलाओं की याद आ रही है। यह साफ है कि इन्हें लगता है कि इस योजना के जरिए महिलाओं का वोट हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य, दोनों सरकारों ने लंबे समय महिलाओं के हित की योजनाओं को दरकिनार किया और अब चुनाव से पूर्व योजना का एलान किया जा रहा है। अब दाल नहीं गलने वाली है, क्योंकि बिहार की महिलाएं सब समझ रहीं हैं। महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेने पटना पहुंचीं प्रियंका हवाई अड्डे के बाहर पत्रकारों से मुखातिब थीं।

## मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल के कुछ हिस्सों में बढ़ाई अफस्पा की अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी

- **जारी की गई अधिसूचना, छह महीने के लिए बढ़ा प्रतिबंध**

मणिपुर में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए 13 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर राज्य के बाकी हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) की अवधि शुक्रवार को छह महीने के लिए बढ़ा दी गई।

अफस्पा के तहत किसी विशेष राज्य या उसके कुछ क्षेत्रों को "अशांत" घोषित किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, नगालैंड के नौ जिलों और राज्य के पांच अन्य जिलों के 21 थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ा दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह कानून अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के अलावा असम से सटे राज्य के नामसाई जिले के तीन थाना क्षेत्रों में भी लागू कर दिया गया है।

इसमें कहा गया है कि अफस्पा के तहत तीनों राज्यों के संबंधित क्षेत्रों का अशांत क्षेत्र का दर्जा एक अक्टूबर से अगले छह महीने की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। अफस्पा अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और अगर वे आवश्यक समझें, तो गोली चलाने के व्यापक अधिकार देता है।

## पूजा पंडाल में यीशु की जगह कृष्ण जी की तस्वीर लगाई

**रांची।** रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख केंद्र 'वेटिकन सिटी' की थीम पर रांची में पंडाल बनाने वाली एक दुर्गा पूजा समिति के आयोजकों ने शुक्रवार को पंडाल के अंदर से ईसा मसीह की तस्वीर हटा ली और उनकी जगह भगवान कृष्ण की तस्वीर लगा दी। यह बदलाव विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा लगाए गए आरोपों के एक दिन बाद आया, जिसमें दावा किया गया था कि पंडाल को "हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने" और धर्मांतरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया है। रातु रोड स्थित पूजा आयोजक आर आर स्पोर्टिंग क्लब ने बृहस्पतिवार को इन आरोपों को खारिज कर दिया था।

## वांगचुक को गिरफ्तार कर मुद्दों को दबा नहीं सकता केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने शुक्रवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र की निंदा की और आरोप लगाया कि यह कदम सरकार द्वारा जानबूझ कर निशाना बनाने के एजेंडा को स्पष्ट रूप से उजागर करता है तथा यह केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में घोर विफलता है।



- **विपक्षी दलों ने की निंदा, आवाज दबाने का आरोप लगाया**

कांग्रेस ने वांगचुक की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए दावा किया कि भाजपा की विफलता से ध्यान भटकने के लिए यह कदम उठाया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस रासुका के तहत प्रख्यात पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की निंदा करती है। यह केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भाजपा की घोर विफलता से ध्यान भटकाने और ज़िम्मेदारी से ध्यान हटाने के लिए किया गया है। रमेश ने कहा, भाजपा ने 2020 के लेह पर्वतीय परिषद के चुनावों में इस क्षेत्र को छठी अनुसूची के तहत शामिल करने का वादा किया था और बदले की भावना से उस वादे से मुकर गई है।

राज्यसभा में टीएमसी की उपनेता सागरिका घोष ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार किसी भी असहमति को राष्ट्र-विरोधी मानती है और असहमति जताने वालों को कठोर कानूनों के तहत गिरफ्तार कर लेती है। घोष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गृह मंत्रालय फिर से अपनी हरकत पर अड़ा है। मोदी सरकार ने अब मैग्सायसाय पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया है। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वांगचुक की गिरफ्तारी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और केंद्र की भाजपा नीत राजग सरकार पर अपने वादों से मुकरने का आरोप लगाया।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश एक कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, रावण का भी अंत हुआ। कंस का भी अंत हुआ। हिटलर और मुसोलिनी का भी अंत हुआ। और आज उन लोगों से सब लोग नफरत करते हैं। उन्होंने कहा, आज हमारे देश में तानाशाही चरम पर है। तानाशाही और अहंकार करने वालों का अंत बहुत बुरा होता है। माकपा के राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास और भाकपा(एमएल) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य उन वामपंथी नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने वांगचुक की गिरफ्तारी की निंदा की।

## एनसीईआरटी देगा विभिन्न स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्रमाणपत्रों को समान मान्यता





**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) उच्चतर शिक्षा संस्थानों में दाखिला और सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए देश में विभिन्न स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदान किये गए 10वीं और 12वीं कक्षाओं के प्रमाणपत्रों को समान मान्यता देगी।

यह अधिसूचना शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा ई-गजट में प्रकाशित की गई है। अधिसूचना 15 नवंबर 2021 की पूर्व अधिसूचना का स्थान लेती है, जिसमें यह दायित्व भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) को सौंपा गया था। शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्थापित राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र, प्रदर्शन मूल्यांकन, समग्र विकास के लिए ज्ञान की समीक्षा और विश्लेषण (परख) के माध्यम से इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा।

इसमें कहा गया है, यह तंत्र यह सुनिश्चित करेगा कि समतुल्यता का निर्धारण मजबूत और अकादमिक रूप से कठोर प्रक्रिया के माध्यम से किया जाए जो उच्चतम मानकों को बनाए रखे। अधिसूचना यह तय करती है कि एनसीईआरटी द्वारा दी गई समतुल्यता अखिल भारतीय स्तर पर मान्य होगी और इससे भारत में स्कूल बोर्ड के बीच स्वतः समानता आएगी, जिससे देश भर के छात्रों के लिए अंतर-स्कूल शिक्षा बोर्ड स्थानांतरण में आसानी होगी।

## विवेक गुप्ता बने आईएनएस अध्यक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कहा- विकसित बाजारों में गिरावट के बावजूद भारतीय समाचार पत्र सूचना का भरोसेमंद स्त्रोत**

सन्मार्ग समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (एमडी) विवेक गुप्ता को समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के प्रकाशकों की सर्वोच्च संस्था द इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) का अध्यक्ष चुना गया है।

आईएनएस ने गुरुवार को बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित सोसाइटी की 86वीं वार्षिक आम बैठक में गुप्ता को 2025-26 के लिए अध्यक्ष चुना गया। वह 'मातृभूमि' के एमवी श्रेयम्स कुमार की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा करण राजेंद्र दर्डा (लोकमत) को डिप्टी प्रेजिडेंट, तन्मय माहेश्वरी (अमर उजाला) को वाइस प्रेजिडेंट और अनंत नाथ (गृहशोभिका) को मानद कोषाध्यक्ष चुना गया है। सुश्री मैरी पॉल सोसाइटी की महासचिव होंगी। सोसाइटी की कार्यसमिति में 41 सदस्य बनाए गए हैं। बैठक में बताया गया कि पिछला साल समाचार पत्र उद्योग के लिए लचीलेपन, सुधार और सतर्क आशावाद का रहा है। वैश्विक स्तर पर, समाचार पत्र अभूतपूर्व दबाव में हैं, कई विकसित बाजारों में प्रसार और विज्ञापन में भारी गिरावट आई है फिर भी, भारत में हमारी कहानी अलग है। हम दृढ़ हैं, समाचार पत्र सूचना का एक विश्वसनीय स्रोत बने हुए हैं, खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में, जहां प्रिंट में गहरी आस्था है। यह लचीलापन आसान नहीं रहा है। इन सबके मूल में हमारी सबसे बड़ी ताकत हैः विश्वसनीयता। विश्वसनीयता की रक्षा करना केवल हमारी जिम्मेदारी नहीं है, यह हमारे अस्तित्व की नींव है।

## द सैटेनिक वर्सेज पर प्रतिबंध लगाने को दायर याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सलमान रुश्दी के विवादास्पद उपन्यास 'द सैटेनिक वर्सेज' पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। यह याचिका न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले साल नवंबर के आदेश का हवाला दिया। उच्च न्यायालय ने 1988 में तत्कालीन राजीव गांधी सरकार द्वारा 'द सैटेनिक वर्सेज' के आयात पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई बंद कर दी थी और कहा था कि चूंकि अधिकारी संबंधित अधिसूचना पेश करने में विफल रहे हैं, इसलिए यह मान लेना चाहिए कि वह (अधिसूचना) है ही नहीं। केंद्र ने 1988 में, कानून-व्यवस्था बरकरार रखने के लिए बुकर पुरस्कार विजेता लेखक की पुस्तक 'द सैटेनिक वर्सेज' के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। दुनिया भर के मुसलमानों ने इसे (पुस्तक को) ईशनिंदा करने वाला माना था। पीठ ने मुंबई के तीन निवासियों द्वारा दायर याचिका खारिज करते हुए कहा, आप दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दे रहे हैं।



- **मुंबई के तीन लोगों की ओर से दायर की गई थी याचिका**

### तिरुपति लड्डू विवाद: आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक द्वारा शीर्ष अदालत द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से बाहर के एक अधिकारी को प्रसिद्ध तिरुमला तिरुपति मंदिर के 'लड्डू प्रसादम' (धार्मिक प्रसाद) में इस्तेमाल होने वाले घी में मिलावट की जांच करने की अनुमति देने को न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन बताया गया था। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कहा था कि प्रसादम तैयार करने में इस्तेमाल किये जा रहे 'मिलावटी घी' की जांच करते समय सीबीआई निदेशक ने शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन किया। सीबीआई निदेशक की याचिका पर राहत प्रदान करते हुए प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इस जांच की निगरानी जांच एजेंसी के प्रमुख स्वयं कर रहे हैं, ऐसे में अगर किसी विशेष अधिकारी को जांच में सहयोग करने के लिए कहा जाता है, तो उसमें कुछ भी गलत नहीं है। पीठ ने पूछा, अगर एसआईटी किसी खास अधिकारी की नियुक्ति करना चाहती है, तो इसमें क्या गलत है।

### हिरासत में मौत: मध्यप्रदेश सरकार को चेतावनी आदेश का पालन करें वर्ना हमें पता है क्या करना है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश सरकार को चेतावनी दी कि वह उसके निर्देशों का पालन करे, अन्यथा अदालत को पता है कि चीजों का पालन कैसे कराया जाता है। यह चेतावनी हिरासत में मौत के मामले से जुड़ी है, जिसमें आरोप लगने के बाद दो पुलिसकर्मी फरार हो गए थे। शीर्ष अदालत ने अनुपालन में कोई प्रगति न होने पर कहा कि वह संबंधित प्राधिकारियों के खिलाफ अवमानना के आरोप तय कर सकती है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की एक पीठ ने कहा, हम बस इतना कह रहे हैं कि देश की शीर्ष अदालत के निर्देशों का पालन करें। वरना, हमें पता है कि पालन कैसे करवाना है। अगर पालन नहीं हुआ, तो अवमानना याचिका के तहत कार्रवाई होगी। हम आरोप तय करेंगे और न्यायालय की अवमानना अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। शीर्ष अदालत 24 वर्षीय पीड़ित की मां की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें न्यायालय के 15 मई के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया है।

### नीट पीजी : उत्तर कुंजी प्रकाशित करने की याचिकाओं पर नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट-पीजी 2025 की उत्तर कुंजी प्रकाशित करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर नोटिस जारी कर केंद्र और राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ ने स्नातकोत्तर में उत्तर कुंजी के प्रकाशन सहित पारदर्शिता बढ़ाने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

